महत्वपूर्ण एवं खास

जिले में 366 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़ । चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 23 जुलाई तक 366 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 16.9 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 345.6 मिली मीटर, पुसौर में 480.9, खरसिया में 345.9, सारंगढ़ में 481.1, बरमकेला में 350.2, घरघोड़ा में 325.1, तमनार में 322.7, लैलूंगा में 285.5 तथा धरमजयगढ़ तहसील में 356.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 11 अगस्त को

रायगढ़ । शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिये जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 वीं प्रवेश, जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2021 की तिथि को पुनर्निर्धारित कर 11 अगस्त 2021 कर दिया गया है। सभी पंजीकृत अभ्यर्थियों को सूचित किया गया है कि चयन परीक्षा की पुनर्निर्धारित तिथि के प्रवेश पत्र वेबसाईट https: // cbseitms. nic.in/index.aspx से डाउनलोड करें तथा प्रवेश पत्र में दिए गए परीक्षा केन्द्रों पर से प्रस्तुत करें। उम्मीदवारों द्वारा चयन प्रवेश पत्र में दिए गए कोविड प्रोटोकाल संबंधी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 30 जुलाई को

रायगढ़ । निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिये 30 जुलाई 2021 को प्रातः 10.30 बजे से आईटीआई रायगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। इस हेतु रिम्स ग्रुप नागपुर, पंजीकृत कार्यालय ग्राउंड फ्लोर नं. 1-11 नीलगिरी अपार्टमेंट कोरडी रोड मानकपुर, नागपुर (महाराष्ट्र)से रिक्तियों की प्राप्ति हुई है। जिनमें टेक्नीशियन 80 पद के लिये शैक्षणिक योग्यता- इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, रेफ्रीजरेटर एंड एयरकंडीशनिंग, टेक्नीशियन 80 पद के लिये शैक्षणिक योग्यता-फीटर, टर्नर, वेल्डर, हेवी मोटर व्हीकल, मशीनिष्ट एवं डीजल मैकेनिक तथा स्टोर कीपर 50 पद के लिये शैक्षणिक योग्यता कोई भी व्यवसाय में उत्तीर्ण हो। उक्त प्रत्येक सभी पदों के लिये वेतनमान 18050 रुपये निर्धारित है।

संविदा शिक्षक नियुक्ति हेतु साक्षात्कार 29 जुलाई को

रायगढ़ । रायगढ़ जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूलों में शिक्षक संवर्ग की संविदा नियुक्ति हेतु विगत दिवस आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसमें मेरिट क्रम में पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के द्वारा चयन किया गया है। चयन प्रक्रिया के उपरांत गणित एक पद अनारक्षित, सामाजिक अध्ययन-6 अनारक्षित एवं वाणिज्य एक पद अजजा रिक्त है। इसी तरह शिक्षक मिडिल स्कूल के लिये अंग्रेजी भाषा एक पद अनारक्षित एवं सामाजिक अध्ययन-7 अनारक्षित तथा सहायक शिक्षक प्राइमरी स्कूल के लिये कला संकाय 9 पद 6 अनारक्षित एवं 3 अजजा तथा विज्ञान संकाय 3 पद अजजा के रिक्त है। रिक्त पदों की संख्या परिवर्तनीय है। सामाजिक अध्ययन (व्याख्याता/ शिक्षक/ सहा.शि.)पद पर अंग्रेजी माध्यम से अध्ययनरत अभ्यर्थी न मिलने की स्थिति में योग्यताधारी अंग्रेजी भाषा में दक्ष अभ्यर्थियों पर विचार किया जा सकता है।

गांव तभी होंगे सुरक्षित जब वहां सबको लगेंगे टीके: कलेक्टर

» सारंगढ़ और लैलूंगा के कम टीकाकरण वाले दो-दो सेक्टरों में 24 जुलाई को चलेगा महा टीकाकरण अभियान का द्वितीय चरण

» टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाने सरपंचों को मिला जिम्मा

रायगढ़ । कलेक्टर भीम सिंह ने आज कोविड टीकाकरण के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सभी विकासखण्डों के सरपंच व सचिवों से बात की। इसमें मुख्यतः ऐसे गांव शामिल थे जहां टीकाकरण की दर कम है। कलेक्टर सिंह ने इन गांव के प्रतिनिधियों के चर्चा कर कम टीका लगने के कारणों की समीक्षा की और इन गांवों में टीकाकरण तेजी से पूरा करने के लिए जरूरी निर्देश भी दिए। इस दौरान सभी ब्लॉकों से शत-प्रतिशत टीकाकृत गांवों के सरपंच व सचिवों को भी उनकी रणनीति व अनुभव साझा करने के लिए जोड़ा गया था। जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल भी इस वर्चुअल मीटिंग में शामिल हुए। 24 जुलाई को सारंगढ़ व लैलूंगा के कम टीकाकरण वाले दो-दो सेक्टरों में पुनः महा टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा।

कलेक्टर सिंह ने सभी सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड महामारी को नियंत्रित करने के लिए टीकाकरण ही सबसे महत्वपूर्ण उपाय है। कोविड के चलते कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। बुजुर्ग से लेकर जवान सभी इसकी चपेट में आये हैं। ऐसे में जल्द सभी लोगों का टीकाकरण करवा कर हम लोगों को सुरक्षित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पहली लहर के मुकाबले बुजुर्ग इस लहर में कम प्रभावित हुए हैं, इसका कारण उन्हें टीका लगना रहा। उन्होंने कहा कि टीकाकरण करवाकर हम लोगों की जान बचा सकते है और आज के समय में इससे बड़ा कोई दूसरा काम नहीं हो सकता है। सभी को इसमें पूरी सहभागिता निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि टीका लगवाने के बाद भी यदि किसी को कोविड होता है तो उसके अस्पताल पहुंचने की संभावनाएं न्यूनतम हो जाती हैं। कलेक्टर सिंह ने सरपंचों से कहा कि 26 जून को जिले में टीकाकरण महाअभियान चलाया गया। जिसमें 1 लाख 43 हजार टीके लगे। उस एक दिन करीब 150 से अधिक पंचायतों में शत-प्रतिशत टीकाकरण पूरा हुआ। आज की स्थिति में लगभग 250 पंचायतें पूर्ण टीकाकृत है। प्रदेश में पहला लक्ष्य अनुसार पूर्ण टीकाकृत विकासखंड भी जिले का ही तमनार ब्लॉक है वहीं किरोड़ीमल नगर पहला पूरा टीका लगाने वाला नगरीय निकाय है। ऐसे में बाकी पंचायतों को भी पीछे नही रहना है। आप सभी अपने गांवों में लोगों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि कोविड की आगामी संभावित लहर से निपटने गांव तभी सुरक्षित होंगे जब वहां सभी पात्र लोगों को टीका लग जाएगा।

24 जुलाई को 4 सेक्टरों में चलेगा महा टीकाकरण अभियान- कलेक्टर भीम सिंह ने सरपंचों को बताया कि 24 जुलाई को जिन सेक्टरों में टीकाकरण की गति धीमी है वहां महा टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इसमें सारंगढ़ के भेड़वन व कोसीर और लैलूंगा के राजपुर व मुकडेगा ये दो-दो सेक्टर शामिल है। इसके लिए उप स्वास्थ्य केन्द्र लेवल पर जिला स्तरीय अधिकारियों के नेतृत्व में टीम बनायी गयी है। टीम में ग्राम स्तर के सभी विभागों के कर्मचारी शामिल होंगे। अभियान में कम टीकाकरण वाले 41 गांवों में फोकस किया जाएगा।

कुछ की समझदारी से पूरे गांव को मिला फायदा- बैठक में सभी विकासखण्डों के दो-दो ऐसे गांवों के प्रतिनिधियों को भी जोड़ा गया था जहां शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जा चुका है। इन गाँवों के सरपंचों ने बताया कि लोगों से उनके घरों में जाकर व्यक्तिगत संपर्क किया गया। टीकाकरण के पहले चरण में 60 व 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों टीकाकरण करवाना था। इनमें से कई लोग तो शुरू में हिचके लेकिन कुछ ने टीका लगवाया। जो बाद में दूसरों के लिए उदाहरण बने। गांव में जब भी कोई बोलता कि टीका लगवाने से हमें कुछ हो जाएगा या हम बीमार पड़ जाएंगे तो टीकाकृत लोग सामने आकर अपना अनुभव बताते थे। जिससे गांव में टीकाकरण की रफ्तार बढ़ी, और जब 18 प्लस को टीके लगने चालू हुए तो भी यही फार्मूला काम आया। इस प्रकार शुरुआत में कुछ लोगों की समझदारी का फायदा बाद में पूरे गांव को मिला। कलेक्टर सिंह ने यह जानकर जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों की सराहना की। साथ ही कम टीकाकृत गांवों में लोगों को इसी प्रकार अपने गांवों में लोगों को समझाने की बात कही। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के बारे में कोई भ्रामक जानकारी फैलाता है तो तत्काल सूचना दें, उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के अपराध में जामगांव का युवक गिरफ्तार

» ओडिशा की लड़की को एक साल पहले से पत्नी बनाकर रखा था युवक

रायगढ़। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा थाना के मर्ग क्रमांक 51/2020 धारा 174 जाफौ की मृतिका मुस्कान पति उमेश सहिस उम्र 18 वर्ष निवासी जामगांव कोलाईबहाल की मृत्यु के संबंध में मृतिका के पति को आत्महत्या के उत्प्रेरित करने के अपराध में गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेजा गया है। जानकारी के अनुसार जामगांव कोलाईबहाल में रहने वाला उमेश सहिस पिता जलप्रसाद सहिस उम्र 20 साल एक साल पहले हिमगिर, सुन्दरगढ (ओडिशा) की मुस्कान जामडुलिया को प्रेमजाल में फंसाकर उसको घर से भागकर अपने घर ले आया था, जिसे मुस्कान के माता पिता जामगांव आकर वापस घर ले गये थे। उसके बाद उमेश और उसके गांव के लोग दोनों की शादी करेंगे कहकर मुस्कान को जामगांव लेकर आये थे, जहां उमेश उसे पत्नी बनाकर रखा था। कुछ दिनों बाद ही मुस्कान को उमेश सहिस मारपीट करने पर मुस्कान अपने माता-पिता को बताई थी। करीब डेढ़ साल तक साथ रहने के बाद उमेश सहिस की मारपीट, प्रताड़ना से तंग आकर दिनांक 22/07/2020 को मुस्कान जामगांव कोलाईबहाल में फांसी लगा ली, जिसे उसके ससुरालवाले केजीएच लेकर आये। डॉक्टर मुस्कान को फौत होना बताया। मर्ग जांच पर मृतिका के मायकेवालों के कथन पर उसका पति उमेश सहिस के लडाई झगडा, मारपीट करने से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेना पाये जाने से पर आरोपी उमेश सहिस पर अप.क्र. 428/2021 धारा 306 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेजा गया है।

चोरी की बाइक के साथ पकड़ाया बाइक चोर

» आरोपी ने एक दिन पहले ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैण्ड से किया था चोरी

रायगढ़। जूटमिल पुलिस की सक्रिय सूचना तंत्र से एक दिन पहले दिनांक 22/07/201 को जूटमिल के ट्रांसपोर्टनगर से चोरी हुई बाइक चोरी के आरोपी को पकड़ा गया है। बाइक के स्वामी द्वारा कल ही जूटमिल पुलिस चौकी आकर बाइक चोरी की सूचना दी गई थी। आरोपी को जूटमिल पुलिस द्वारा चोरी के अपराध में रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 22/07/2021 को पुलिस चौकी जूटमिल में रिपोर्टकर्ता शशि चौहान पिता सूरत चौहान उम्र 32 वर्ष निवासी कलमी थाना कोतरारोड़ बाइक चोरी की रिपोर्ट लिखाने पहुंचा चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक आर.एस. नेताम को शशि चौहान उसकी ट्रांसपोर्टनगर बस स्टैंड से उसकी नई बाइक सीडी डिलक्स सीजी 13 एएल 0609 की चोरी हो जाना बताया। चौकी प्रभारी द्वारा चौकी के प्रधान आरक्षक शम्भू पाण्डेय, आरक्षक प्रकाश गिरी, रामनाथ बनर्जी को बस स्टैंड आसपास पूछताछ कर बाइक एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी का निर्देश दिये। चौकी जूटमिल स्टाफ द्वारा ट्रांसपोर्टनगर बस स्टैंड की ओर जाकर आसपास के लोगों से पूछताछ किये, इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि सावित्रीनगर अम्बेडकर आवास से रहने वाला राहुल गोड़ नई सीडी डिलक्स बाइक लेकर घूम रहा है। जूटमिल पुलिस राहुल गोड को तलब कर कड़ी पूछताछ किए तो राहुल गोंड बस स्टैंड के पास से बाइक चोरी करना कबूल किया , जिससे चोरी की मोटर सायकल सीडी डिलक्स सीजी 13 एएल 0609 कीमती 55,000/- रुपए बरामद कर आरोपी राहुल गोड़ पिता चक्रधर गोंड उम्र 21 साल निवासी सावित्रीनगर अम्बेडकर आवास जूटमिल थाना कोतवाली को धारा 379 भादवि में गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेजा गया है।

माल मुल्जिम की शीघ्र पतासाजी में चौकी प्रभारी आरएस नेताम, प्रधान आरक्षक शम्भू पाण्डेय आरक्षक प्रकाश गिरी, रामनाथ बनर्जी की सराहनीय भूमिका रही है।

बैरागपुर के पठार जंगल में दो आरोपियो से 90 लीटर महुआ शराब जब्त

रायगढ़। थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक अमित शुक्ला के नेतृत्व में आज दिनांक 23/07/2021 को अवैध शराब पर की गई कार्रवाई में ग्राम बैरागपुर के पठार जंगल रास्ते में दो आरोपियों को कांवर में महुआ शराब लेकर आते पकड़ा गया है। आरोपियों पर धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर दोनों को रिमांड पर भेजने की तैयारी सारंगढ़ पुलिस द्वारा की जा रही है।

जानकारी के अनुसार आज दिनांक 23/07/2021 को थाना प्रभारी सारंगढ़ को मुखबिर से सूचना मिला कि बैरागपुर पठार जंगल रास्ते से कुछ लोग महुआ शराब लेकर गांव बिक्री करने लाते हैं। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा कार्रवाई के लिए थाने से प्रधान आरक्षक मोतीलाल डनसेना, टीकाराम खटकर, अर्जुन पटेल, आरक्षक कन्हैया खूंटे, जयराम साहू, कृष्णा महंत, सेतराम, विरेन्द्र ठाकुर, महिला आरक्षक शकुंतला जायसवाल को रवाना किया गया। मुखबिर सूचना पर स्टाफ द्वारा बैरागपुर पठार जंगल रास्ते में झाड़ियों में छिप कर शराब तस्करी कर रहे आरोपियों की ताक में थे, शाम करीब 16:40 बजे के आसपास एक आरोपी कांवर के दोनों ओर प्लास्टिक बोरी में शराब लेकर आ रहा था, जिसे रोककर पूछताछ करने पर अपना नाम संजय मुंडा पिता सेवक राम मुंडा उम्र 35 वर्ष ग्राम बैरागपुर थाना सारंगढ़ बताया जिसके कब्जे से एक सिंका कावर में दोनों तरफ 25 -25 लीटर कुल 50 लीटर महुआ शराब कीमती 5,000 रुपए जप्त किया गया।

इसी दौरान करीब दस मिनट बाद उसके पीछे एक और व्यक्ति कांवर में शराब लेकर आ रहा था जिसे रोककर उसके कांवर को चेक करने पर कांवर में प्लास्टिक बोरी के अंदर दोनों तरफ 20-20 लीटर कुल 40 लीटर महुआ शराब कीमती 4,000 रुपए रखे हुआ था। पूछताछ में आरोपी अपना नाम छोटू मुंडा पिता महेंद्र उम्र 40 वर्ष साकिन बैरकपुर थाना सारंगढ़ बताया। दोनों आरोपियों से कुल 90 लीटर महुआ शराब कीमती 9,000 रुपए जप्त कर आरोपियों पर पृथक-पृथक धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपियों को कल रिमांड पर भेजा जावेगा।

संविदा नियुक्ति की चयन सूची जारी, चयनित अभ्यर्थियों को 31 जुलाई तक करना होगा कार्यभार ग्रहण

रायगढ़ । रायगढ़ जिला अंतर्गत संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में 01 से 3 जुलाई 2021 तक व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक पद पर संविदा भर्ती हेतु साक्षात्कार किया गया था। जिसमें 28 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को डाक के माध्यम से संविदा नियुक्ति आदेश की प्रति भेजा गया है। चयनित अभ्यर्थियों को 31 जुलाई 2021 तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायगढ़ में कार्यभार ग्रहण करना अनिवार्य होगा। कार्यभार ग्रहण के समय परीक्षण हेतु मूल दस्तावेज साथ में लाना होगा। जिन अभ्यर्थियों का चयन किया गया है इनमें व्याख्याता पद अंतर्गत भौतिकी विषय में जयप्रकाश साहू, वीनस बग्गा, क्षणिका जी.टाईटस एवं मंजीता साहू, रसायन विषय के लिये खिरोदिनी पटनायक, मोनिका बम्बार्डे, अनामिका रावटे, गणित विषय के लिये हरिकृष्ण भोगल, जीवविज्ञान विषय में राजप्रीत कौर, प्रकृति सिंह, ईवा रानी मिंज, सामाजिक अध्ययन विषय में मेघा तोपखाने वाले, भरत नारायण, वाणिज्य विषय में वैभ्रवी यादव, विजय विश्वकर्मा, विशेष छाबड़ा एवं शोभित खरे को नियुक्त किया गया है। इसी तरह शिक्षक पद अंतर्गत गणित विषय में अंजली गुप्ता, स्वपना सरकार, वासदेव साहू, मृदुल पाठक, विज्ञान विषय में देवाशीष मिश्रा एवं आकांक्षा यादव, सहायक शिक्षक पद अंतर्गत विज्ञान विषय में लुभना रूखसार, अपूर्वा तिवारी, सोनिया भारद्वाज, अन्वय यादव एवं अर्चना सिंह शामिल है।

घर घुसकर महिला से छेड़खानी, आरोपी भेजा गया रिमांड पर

» फरार होने की फिराक में था आरोपी, घरघोड़ा पुलिस दबिश देकर की गिरफ्तार

रायगढ़। दिनांक 22/07/2021 को थाना घरघोड़ा में महिला द्वारा ग्राम कुडूमकेला के दिले साव के विरूद्ध घर घुसकर छेडखानी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता बताई कि इनका मकान सड़क किनारे है। दिनांक 21.07.2021 के शाम के कुडूमकेला का दिले साव और एक व्यक्ति घर आये थे। घरवालों के कहने पर दोनों को महिला खाना खिलाई, रात्रि करीब 10 बजे दोनों घर चले गये थे कि रात्रि करीब 11.30 बजे दिले साव दिवाल फांदकर महिला के कमरे अन्दर घुस आया और सोये अवस्था में उसके साथ छेड़खानी करने लगा महिला जागी और शोर मचाई तो दिले साव घर से निकल कर भागा। पीड़िता के रिपोर्ट पर थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह द्वारा आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 230/2021 धारा 354, 354-क, 457 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

अपराध कायमी पश्चात थाना प्रभारी थाने से सहायक उप निरीक्षक चंदन नेताम के हमराह आरक्षक विरेन्द्र भगत, नंद कुमार पैंकरा, नरेन्द्र कुमार पैंकरा, दीपक भगत को आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी के लिए रवाना किये जिनके द्वारा आरोपी दिलेश्वर उर्फ दिले साव पिता खुशी राम साव उम्र 33 वर्ष निवासी कुडूमकेला थाना घरघोड़ा को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी गांव से फरार होने की फिराक में था, जिसे छेड़खानी के अजमानतीय अपराध में गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

महिला पटवारी से मोबाइल व नगदी लूटपाट का आरोपी गिरफ्तार

» लूट की मोबाइल, नगदी और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद

रायगढ़। एसपी रायगढ़ अभिषेक मीणा के निर्देशन पर जूटमिल पुलिस को दिनांक 19/07/2021 को रायगढ-उडिसा मुख्य मार्ग में ग्राम दर्रामुडा के पास पटवारी से हुई लूटपाट के आरोपी को लूट की मशरूका तथा लूट में प्रयुक्त बाइक के साथ पकड़ने में सफलता मिली है।

जानकारी के अनुसार कृष्णवाटिका चक्रधरनगर में रहने वाली श्रीमती तरूणा साहू (42 वर्ष) जो पटवारी हल्का नम्बर 10 ग्राम डुमरमुडा की पटवारी हैं, प्रतिदिन की भांति दिनांक 19.07.2021 को अपने एक्टिवा स्कूटी में ग्राम डुमरमुडा जा रही थी, श्रीमती तरूणा साहू दोपहर करीब 12:30 बजे ग्राम दर्रामुडा के पास पहुंची थी, उसी समय एक अज्ञात व्यक्ति लाल कलर के मोटर सायकल में आया और डराते धमकाते हुए पर्स को लूट कर भाग गया, श्रीमती तरूणा साहू लूटरे का पीछा करने का प्रयास की पर वह तेज गति से बाइक चलाता भाग गया, उनके पर्स में 4,000 रूपये नकदी, मोबाईल फोन, एटीएम कार्ड, कार्यालय का सिल एवं अन्य शासकीय दस्तावेज था। चौकी जूटमिल (थाना कोतवाली) में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 1026/2021 धारा 392 भादवि का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

रायगढ-उडिसा मुख्य मार्ग में घटित लूट की वारदात को गंभीरता से लेते हुए एसपी मीणा द्वारा एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा एवं सीएसपी अविनाश सिंह ठाकुर को शीघ्र माल मुल्जिम की पतासाजी कराने निर्देशित किये जिस पर जूटमिल पुलिस के साथ साइबर सेल की टीम को भी अज्ञात आरोपी की पतासाजी में लगाया गया।

जूटमिल पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में संदेही नीतेश दास महंत निवासी बोकरामुड़ा थाना छाल को जूटमिल पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नीतेश कुछ दिनों से जूटमिल क्षेत्र में घूमते देखा गया है जो नशे करने का आदी है। पुलिस की कड़ी पूछताछ में नीतेश महंत लूटपाट की घटना को स्वीकार किया है, नीतेश बताया कि जूटमिल क्षेत्र में उसके परिचित रहे हैं जिनके पास आना जाना था। महिला पटवारी को अकेले पुसौर आते-जाते कई बार देखा था, तब उसे लूटपाट करने की अकेले प्लानिंग कर लूट किया था। आरोपी के मेमोरंडम कथन निंशादेही पर नकदी रकम 710/- रुपए एक सैमसंग का मोबाइल, एटीएम कार्ड, 2 सिम कार्ड, घटना में प्रयुक्त प्लेटिना बाइक सीजी 13 एन 9660 तथा एक काला रंग का गमछा बरामद किया गया है। आरोपी नीतेश दास महंत पिता पदुम दास महंत उम्र 20 वर्ष निवासी बोकरामुड़ा थाना छाल की आज पीड़िता श्रीमती तरूणा साहू से पहचान आदि की कार्रवई कराकर आरोपी को ज्यूडिसि यल रिमांड पर भेजा गया है।

अज्ञात आरोपी की पतासाजी लूट की मशरूका बरामदगी में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक आरएस नेताम, प्रधान आरक्षक शम्भू पाण्डेय, आरक्षक सत्या यादव, प्रताप बेहरा, बनारसी सिदार चौकी जूटमिल तथा साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, आरक्षक धनंजय कश्यप, प्रशांत पंडा, महिला आरक्षक मेनका चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480